Title: Regarding alleged irregularities in appropriation of loan by Simbhaoli Sugars Limited.laid

कुंवर दानिश अली (अमरोहा): संसदीय क्षेत्र अमरोहा में पड़ने वाली सिंभावली चीनी मिल ने 2011 में गैरकानूनी तरीके से गन्ना किसानों के ऊपर करोड़ों रुपये बैंक से क़र्ज लिया था । इसकी जानकारी किसानों को तब हुई जब उनके घर बैंक से क़र्ज चुकाने के लिए नोटिस आये थे । आज भी किसान इस दुविधा में हैं कि सिंभावली चीनी मिल ने जो गैरकानूनी तरीके से उनके ऊपर बैंक से कर्ज लिया था उसे कौन चुकायेगा, क्या ये कर्ज किसानों को ही चुकाना पड़ेगा । किसान जानना चाहते हैं कि उस प्रकरण पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है? इस मिल पर पिछले पेराई सत्र का लगभग 238.09 करोड़ अभी भी बकाया है । सरकार ने 15 दिनों में गन्ना किसानों के बकाया भुगतान का वादा किया था । शुगर कंट्रोल एक्ट के मुताबिक 14 दिन में भुगतान न होने पर उस पर ब्याज भी देय होता है लेकिन सिंभावली चीनी मिल कानून और सरकारी निर्देशों का मजाक उड़ा रही है । अतः सरकार से मेरी मांग है सिम्भावली चीनी मिल गैरकानूनी तरीके से किसानों के ऊपर कर्ज लिया था उस की स्थिति स्पष्ट करें एवं उस पर अब तक क्या कार्यवाही कि गई है तथा किसानों के गन्ने का भुगतान शीघ्र करने के लिए निर्देशित करने की कृपा करें ।